एक नजर में

विद्यार्थियों ने नीट यूजी में लहराया परचम

बैतूल। प्रगतिशील कतिया समाज के चार मेधावी विद्यार्थियों ने नीट यूजी-2026 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर समाज के वरिष्ठजनों, सामाजिक प्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। सफल विद्यार्थियों में निशा ढाकरे ने 477 अंक, सुश्री संतोषी धारणेकर ने 428 अंक, अभिनव सूर्यवंशी ने 425 अंक तथा आर्यन भोरसे ने 422 अंक प्राप्त किए हैं। इन चारों विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर एमबीबीएस में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया है। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनके माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा स्वयं विद्यार्थियों की मेहनत को जाता है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसे पूरे समाज के लिए गौरव का क्षण बताया। इस अवसर पर समाज ने युवाओं से आह्वान किया कि वे भी नीट, आईआईटी, जेईई, यूपीएससी और क्लेट जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें और समाज व जिले का नाम रोशन करें। साथ ही समाज ने यह भी संकल्प व्यक्त किया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले जरूरतमंद विद्यार्थियों को मार्गदर्शन, कोचिंग एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रगतिशील कतिया समाज संगठन एवं सामाजिक प्रतिनिधिमंडल हरसंभव सहयोग करेगा।

प्रतिमा स्थापना दिवस पर होगी महारैली

बैतूल। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार विष्णुसिंह गोंड (उइके) की प्रतिमा स्थापना दिवस 11 अगस्त को मनाने की तैयारियों को लेकर सोमवार को जयस की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से स्थापना दिवस पर विशाल महारैली निकालने का निर्णय लिया गया। संगठन का दावा है कि रैली में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से करीब 50 हजार आदिवासी कार्यकर्ता शामिल होंगे, जो पारंपरिक वेशभूषा में नजर आएंगे। जयस पदाधिकारियों ने बताया कि कोठी बाजार बस स्टैंड का नाम सरदार विष्णुसिंह गोंड (उइके) के नाम पर रखे जाने के बाद यहां उनकी प्रतिमा स्थापित की गई थी। प्रतिवर्ष 11 अगस्त को प्रतिमा स्थापना दिवस के रूप में आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी रैली और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सरदार विष्णुसिंह गोंड (उइके) ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सतपुड़ा अंचल की जनजातियों को संगठित कर ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष का नेतृत्व किया। जंगल सत्याग्रह के दौरान सरदार गंजन सिंह (कोरकू) की गिरफ्तारी के बाद उन्होंने आदिवासी समाज में स्वतंत्रता आंदोलन की मशाल जलाए रखी और भारत छोड़ो आंदोलन तक जनजातीय समाज का नेतृत्व किया। अगली तैयारी बैठक 27 जुलाई को आयोजित होगी, जिसमें आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाएगा।

पूर्व जिला समन्वयक का रायसेन स्थानांतरण

बैतूल। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बैतूल की पूर्व जिला समन्वयक प्रिया चौधरी के रायसेन स्थानांतरण पर आठनेर में आत्मीयता और सम्मान के बीच भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। परिषद परिवार ने उन्हें स्मृति-चिह्न एवं सम्मान-पत्र भेंट कर एक दशक के उत्कृष्ट, समर्पित और प्रेरणादायी सेवाकाल के लिए सम्मानित करते हुए नए कार्यक्षेत्र के लिए शुभकामनाएं दीं।

अनदेखी : टंकी के आसपास कहीं बसाहट, तो कहीं लग रही दुकानें

नवभारत न्यूज

बैतूल, 20 जुलाई. नगरपालिका की अनदेखी से लोगों की जान खतरे में है। यह इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि शहर की पानी टंकियों के आसपास दुकानें लग रही है। जहां दिनभर लोगों की भीड़ बनी रहती है।

भविष्य में टंकियां जर्जर होती है हो सकता है हादसा

नगरपालिका नहीं दे रही ध्यान

ऐसे में यदि टंकी गिरी तो भविष्य में बड़े हादसे का कारण बन सकती है। दरअसल शहर के कोठी बाजार क्षेत्र में जर्जर टंकी तोड?र बनाई गई नई पानी टंकी के नीचे की खाली जगह पर अब अतिक्रमण से हटवाए गए विस्थापित दुकानदार नियम तोडकर दुकानें लगाने लगे हैं, जबकि पानी टंकी के नीचे टंकी की ऊंचाई के बराबर दूरी, यानी 59 फीट तक कोई दुकान या मकान नहीं होना चाहिए। नहीं तो इसके गिरने से जान-माल का नुकसान हो सकता है। लेकिन यहां नगरपालिका खुद ही अपने नियम तुड़वा रही है। सुरक्षा मापदंड ताक पर हैं। टंकी के नीचे 20 फीट की दूरी पर दुकानें लगाई जा रही हैं। दुकानदारों को किसी अन्य सुरक्षित जगह जमीन देने के इंतजाम नहीं किए हैं। जबकि अभिनंदन सरोवर के पीछे, सुभाष स्कूल के पास और अन्य जगह जमीनें खाली पड़ी हैं। नपा चाहे तो इन दुकानदारों को यहां विस्थापित कर सकती है, किन्तु नपा के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है।

नई टँकियों के निर्माण में भी मापदंडों की अनदेखी : शहर में 4 अन्य जगहों पर भी अमृत-2 योजना के तहत 11 करोड़ के प्रोजेक्ट में चार नई टंकियां बनाई जा रही हैं। टंकियां अब ऊंचाइयों की बुलंदियों पर पहुंचकर आसमान छूने लगी हैं। लेकिन नपा इन सभी 59 फीट ऊंचाई वाली टंकियों को घनी बसाहट में बना रही है। यदि ये टंकियां भविष्य में जर्जर होती हैं, या फिर गिरती हैं, तो नीचे जान-माल का नुकसान हो सकता है। वहीं कोठी बाजार की 2010 की घटना की तरह, यदि जर्जर टंकी को ब्लास्टिंग से उड़ाने की स्थिति बनी, तो बस्ती खाली करवाना मुश्किल हो जाएगा। टिकारी, सदर, हमलापुर में टंकियां लगभग बनने की कगार पर हैं। ऐसे में शुरूआत से ही नियमों का पालन जरूरी था, लेकिन नगरपालिका ने आनन-फानन में टंकियों का निर्माण शुरू कर दिया, जिसका खामियाजा भविष्य में आसपास रहने वाले लोगों को चुकाना पड़ सकता है।

> लोगों की सुविधा के लिए कंस्ट्रक्शन करने जरूरी होते हैं। पेयजल सप्लाई के लिए कई बार ढलान के हिसाब से टंकी बनाने जमीन नहीं मिल पाती है। इस कारण जो जमीन मिलती है उस पर कंस्ट्रक्शन करना मजबूरी बन जाता है। फिर भी जितने बेहतर सुरक्षा इंतजाम हम करवा सकते है, करवाएंगे।
>
> **- नागेन्द्र निगम, सब इंजीनियर नपा बैतूल**

मापदंड ताक पर, टंकी के आसपास बसाहट

नियमानुसार टंकी नीचे ऊंचाई के बराबर जमीन खाली होना चाहिए। लेकिन शहर के हालात इसके बिलकुल उलटे है। 59 फीट ऊंची टंकी के नीचे 35 से 40 फीट की दूरी पर ही कंस्ट्रक्शन टिकारी और क्रीड़ा परिसर, हमलापुर में पाए गए। यहां टंकी के नीचे घनी बसाहट थी। टिकारी में टंकी के चारों ओर में से एक ओर आबादी है, तो दो दिशाओं में ड्रग स्टोर और नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर संचालित हो रहे है। मतलब, यदि भविष्य में टंकी किसी भी दिशा में गिरती है तो नुकसान की पूरी आशंका रहेगी। क्रीड़ा परिसर में भी स्टूडेंट्स खेलते हैं। खेल मैदान है। सामने दोनों ओर बसाहट है। सदर ओवर ब्रिज के ठीक बगल में टंकी है। यदि यह गिरती है तो ब्रिज पर ही गिरेगी। जानकारों का कहना है कि टंकी जितनी ऊंची होती है, उसके आसपास उतनी जगह खाली होनी चाहिए।

अमृत प्रोजेक्ट के तहत बन रही चार नई टंकियां

शहर में जल प्रदाय की क्षमता बढ़ाने के लिए अमृत प्रोजेक्ट के तहत 4 अतिरिक्त टंकियां बनाई जा रही है। इन टंकियों का निर्माण 11 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा है। इस कार्य का जिम्मा ठेका कंपनी को सौंपा गया है। बताया जा रहा है कि टिकारी, हमलापुर में टंकियां लगभग बनने की कगार पर हैं, वहीं राजेन्द्र वार्ड में काम शुरू ही हुआ हुआ है। वैसे तो नियम के अनुसार टंकी की ऊंचाई जितनी है उसके नीचे उतनी दूरी तक कोई कंस्ट्रक्शन नहीं होना चाहिए। लेकिन शहर में इसके उलटा हो रहा है। 59 फीट ऊंची पानी टंकी के नीचे 35 से 40 फीट की दूरी पर हमलापुर में क्रीड़ा परिसर पाए गए। यहां घनी बसाहट टंकी के पास ही है। बताया जा रहा है कि जो पानी की टंकियां बना रही है, उसके कार्य की गति भी बहुत धीमी है। कंपनी को यह कार्य 14 सितंबर 2025 तक पूरा करना था। लेकिन टंकियों का निर्माण अभी तक पूरा नहीं हुआ है। यह बात अलग है कि परिषद ने कंपनी को काम पूरा करने के लिए एक साल का और एक्सटेंशन दिया है।

नवविवाहिता मौत मामले में पति समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

आमला। आमला ब्लॉक के बोरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम लालढाना में नवविवाहिता कुंती ढोबारे की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पति सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दहेज प्रताड़ना के आरोपों के आधार पर दर्ज प्रकरण में घटना के महज पांच दिनों के भीतर पुलिस ने फरार आरोपियों को दबोच लिया।पुलिस के अनुसार, थाना बोरदेही में अपराध क्रमांक 166/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 80(2), 85, 3(5) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 3/4 के अंतर्गत मामला दर्ज

किया गया है। विवेचना में सामने आया कि ग्राम लालढाना निवासी नवविवाहिता कुंती को दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जाता था। पुलिस के अनुसार, इसी प्रताड़ना के चलते उसकी असामान्य परिस्थितियों में मृत्यु हुई। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गए थे, लेकिन पुलिस टीम ने लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश देकर तीनों को गिरफ्तार कर लिया।ये आरोपी को किया गिरफ्तार अजय पिता दीना ढोबारे (30 वर्ष), दीना ढोबारे पिता उन्नी ढोबारे (50 वर्ष), चंपाबाई पति दीना ढोबारे (48 वर्ष) सभी निवासी लालढाना, ग्राम गुबरेल।पुलिस ने बताया कि आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय में पेश किया जाएगा, जबकि मामले की विवेचना अभी जारी है। इन अधिकारियों की रही अहम भूमिकाइस कार्रवाई में एसडीओपी मुलताई शिव कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वट्टी, उप निरीक्षक कमल सिंह मेहर, प्रधान आरक्षक अनिल धुर्वे, महिला आरक्षक आरती पवार, आरक्षक विशाल चौरसिया, किशोर साहू, गोपाल पवार एवं राधेश्याम कमरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सपी की अपील पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने जिलेवासियों से महिला अपराधों के प्रति जागरूक रहने तथा ऐसी किसी भी घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की है। डॉ राकेश बचले बीएमओ आमला का कहना है कि नवविवाहिता को पानी में डूबने से मौत हुई थी और वह गर्भवती थी।

बैतूल में पेट्रोल पंप पर हमला, आरोपी गिरफ्तार

बैतूल। बैतूल-इंदौर हाईवे स्थित खेड़ी के शिव शक्ति सेल्स पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों से मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अनुराग उर्फ अरुण मालवीय को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार रात हुई इस घटना में 9-10 युवकों ने पेट्रोल पंप पर पहुंचकर कर्मचारियों के साथ मारपीट की और कार्यालय में जमकर तोड़फोड़ की। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 9 बजे पेट्रोल पंप पर ड्यूटी कर रहे राजेश शेषकर (28) के पास अनुराग मालवीय पेट्रोल भरवाने पहुंचा। पेट्रोल भरवाने के बाद दोनों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि अनुराग ने राजेश के साथ अभद्रता की, जातिसूचक शब्द कहे और थप्पड़ मारकर वहां से चला गया। करीब रात 11 बजे अनुराग मालवीय 9-10 साथियों के साथ दोबारा पेट्रोल पंप पहुंचा। आरोपियों ने पहले कर्मचारियों से विवाद किया, फिर राजेश शेषकर को कार्यालय के अंदर और बाहर घसीटकर लाठी, डंडों और पाइप से पीटा। बीच-बचाव करने आए कर्मचारी मनोज चंदेलकर के साथ भी मारपीट की गई। हमलावरों ने कार्यालय के कांच तोड़ दिए और परिसर में जमकर उत्पात मचाया। हमले में दोनों कर्मचारियों को चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। फरियादी की शिकायत पर अपराध क्रमांक 601/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं तथा एससी-एसटी अधिनियम के तहत मामला कायम किया गया। पुलिस ने मुख्य आरोपी अनुराग उर्फ अरुण पिता कैलाश मालवीय को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। खेड़ी चौकी प्रभारी राकेश सरयाम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दोनों पक्षों के बीच वाहन खड़ा करने को लेकर पुरानी रंजिश सामने आई है।

ट्रेन के आगे कूदा युवक, क्षत-विक्षत हालत में मिला शव

बैतूल। सोमवार सुबह कोसमी रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर अनंत बोरखड़े (22) नाम के युवक का क्षत-विक्षत शव मिला। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मृतक टिकारी क्षेत्र का रहने वाला था। घटना के बाद सामने आए उसके इंस्टाग्राम स्टेटस की पुलिस जांच कर रही है। मौत से कुछ समय पहले उसने सोशल मीडिया पर ऐसे मैसेज पोस्ट किए थे, जिनके आधार पर पुलिस आत्महत्या के पहलू की भी जांच कर रही है। परिजन ने बताया कि उसे शराब की लत थी, लेकिन उसने यह कदम किन हालात में उठाया, इसकी जानकारी नहीं है। अनंत को किसी तरह की मानसिक या आर्थिक परेशानी नहीं थी। घटना से पहले अनंत ने इंस्टाग्राम पर दो स्टेटस शेयर किए थे। इन पोस्ट के बाद पुलिस ने अनंत की सोशल मीडिया गतिविधियों को भी जांच में शामिल किया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसने ये पोस्ट किस हालत में किए थे। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

दलित नेताओं का अपमान दोहरी मानसिकता

आमला। बैतूल जिले में कांग्रेस द्वारा आयोजित संगठन सृजन अभियान के दौरान सामने आए एक वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कांग्रेस पार्टी पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। वायरल वीडियो के आधार पर सामने आई जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान दलित समाज से आने वाले कांग्रेस नेता एवं जिला प्रवक्ता विजय पारधी के साथ कथित रूप से कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा सार्वजनिक रूप से गाली-गलौज, अभद्र व्यवहार एवं धक्का-मुक्की की गई। यदि यह घटना सत्य है, तो यह अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।भाजपा नेता नितिन खातरकर ने कहा कि कांग्रेस हमेशा दलित हितों और सामाजिक न्याय की बात करती है, लेकिन उसके अपने कार्यक्रम में ही दलित नेता के साथ इस प्रकार का व्यवहार कांग्रेस की कथनी और करनी के अंतर को उजागर करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के भीतर दलित समाज के प्रति सम्मान का अभाव दिखाई देता है।खातरकर ने कहा कि इस घटना से जिले भर के कार्यकर्ताओं एवं आमजन में नाराजगी है। यदि किसी दलित नेता के साथ सार्वजनिक मंच पर अभद्रता और धक्का-मुक्की हुई है, तो यह केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे दलित समाज के सम्मान का विषय है।उन्होंने मांग की कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए, दोषी पाए जाने वाले नेताओं के विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करे तथा यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो विजय पारधी एवं दलित समाज से सार्वजनिक रूप से क्षमा याचना करे।

इनका कहना है -

ये हमारे परिवार का मामला है। भाजपा दलित हित की बात आमला में न करे तो अच्छा है। आमला विधानसभा में विधायक के लिए आमला से 20 वर्षों में एक भी दलित नेता नहीं दिखा।

मनीष नागले, यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आमला

खाना पूर्ति साबित हुआ जन शिकायत निवारण शिविर

नवभारत न्यूज

भौंरा, 20 जुलाई. मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी द्वारा भौरा पंचायत के परिसर में जन शिकायत निवारण शिविर लगाया गया। शिविर में आवेदन कर्ताओं का टोटा देखा गया। बिना कोई जानकारी सूचना के शिविर का आयोजन कर लिया गया, जिससे शासन की जन उपयोगी एवं जनहितकारी सोच को ताक पर रखकर आयोजन को सिर्फ एक खानापूर्ति महज समझा जा रहा है। इस शिविर के संदर्भ में जेई सकोम विद्युत विभाग भौरा को फोन लगाकर जानकारी के संदर्भ में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मीटर वाचक के द्वारा डोर टू डोर सूचना दी गई। इस संदर्भ में सूत्रों से जानकारी लगी कि जानकारी व्रहद स्तर तक नहीं पहुंचाई गई। जब शिविर के संदर्भ में सरपंच ग्राम पंचायत भौरा मीरा धुर्वे से जानकारी ली गई तो उन्होंने भी जानकारी के संदर्भ में असमर्थता जाहिर कर कहा कि मुझे कोई जानकारी नहीं है। शिविर के संदर्भ में इसके बाद विद्युत विभाग के जेई का कहना है कि आगामी समय में जो शिविर का आयोजन किया जाएगा, उसमें मुनादी करा दी जाएगी।

मां ताप्ती जन्मोत्सव पर 51 पौधों का हुआ रोपण

बैतूल। मां सूर्यपुत्री ताप्ती के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर ग्राम श्री क्षेत्र वायगांव में पर्यावरण संरक्षण का प्रेरक संदेश देते हुए पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 51 पौधों का रोपण कर प्रकृति संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम के दौरान नारियल, सुपारी एवं ट्रैवल ट्री के 51 पौधे रोपे गए। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लेते

हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि मां ताप्ती का जन्मोत्सव प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी निभाने का भी अवसर है। पौधा रोपण से पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। पौधा रोपण कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक चंद्रशेखर देशमुख, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश पाठक, भाजपा सोशल मीडिया जिला संयोजक, ग्राम सरपंच रामदास आहाके सहित ग्राम के बड़ी संख्या में युवा एवं बुजुर्ग उपस्थित रहे।

लायंस क्लब ने सेवा गतिविधियों को लेकर बनाई रणनीति

बैतूल। लायंस क्लब बैतूल सिटी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह के बाद पहली मासिक बैठक रविवार को कोसमी हाईवे स्थित जेवण रेस्टोरेंट में संपन्न हुई। बैठक में क्लब के सभी सदस्यों ने आगामी एक माह की सेवा गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की तथा समाजहित, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और जनकल्याण से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण सुझाव रखे। अध्यक्ष डॉ. संतोष जायसवाल ने सभी सदस्यों के सुझावों का स्वागत करते हुए उन्हें चरणबद्ध तरीके से अमल में लाने का भरोसा

दिलाया। बैठक में लायन निरजा श्रीवास्तव ने कृषि भूमि पर वाटर हार्वेस्टिंग की उपयोगिता बताते हुए किसानों को इसके प्रति जागरूक करने का अभियान चलाने का सुझाव दिया। लायन अलका तातेड़ ने क्लब की आगामी गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के लिए विशेष कार्यशालाएं आयोजित करने की आवश्यकता बताई। लायन विवेक शुक्ला ने कोसमी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित उद्यान में सघन पौधारोपण का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन करते हुए लायन एच. एस. रघुवंशी ने लगाए जाने वाले पौधों की सुरक्षा और रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी लेने की घोषणा की। लायन राम प्रकाश गुगनानी ने स्थानीय व्यापारियों को पॉलीथिन का विकल्प अपनाने के लिए जागरूक करने का प्रस्ताव रखा। वहीं लायन के. के. वर्मा ने पॉलीथिन खाने से पशुधन को होने वाली गंभीर हानि और मौत के मामलों के प्रति आमजन को जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया। पर्यावरणविद् लायन भगवंत बोहरपी ने वन विभाग के सहयोग से स्कूली बच्चों के लिए पर्यावरण संरक्षण विषय पर विशेष कार्यशालाएं आयोजित करने का सुझाव दिया।

ताप्ती जन्मोत्सव निकली शोभायात्रा हनुमानजी की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

ताप्ती जन्मोत्सव पर 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए मां ताप्ती के दर्शन

मुलताई। पवित्र नगरी में आषाढ़ मास की शुक्ल सप्तमी पर सोमवार को मां ताप्ती जी का जन्मोत्सव आस्था,हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया।

ताप्ती जन्मोत्सव पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

लोगों ने माँ ताप्ती के दर्शनों का लिया लाभ

इस अवसर पर करीब 2 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने मां ताप्ती की पूजा अर्चना कर ताप्ती सरोवर कि परिक्रमा की।ताप्ती तट स्थित मंदिरो एवं परिक्रमा मार्ग को दुल्हन की तरह सजाया गया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा व्यवस्था बनाई गई। ताप्ती तट सहित नगर के प्रत्येक मार्ग पर भीड़ का यह आलम था कि जिस और देखो इस और भीड़ नजर आ रही थी, आसपास के जिलों सहित गुजरात के सूरत अमरोली, महाराष्ट्र के जलगांव, मोवीदा, टाकरखेड़ा, अमलनेर, उमरदा, तारणखेड़ा, गुजरात के सेवादार शामिल हुए। जन्मोत्सव पर सुबह से ही कार्यक्रम प्रारम्भ हो गए थे। मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्यों द्वारा सुबह महा आरती घाट से दण्डवत परिक्रमा की। वही मां तोटी ट्रस्ट एवं जन्मोत्सव समिति द्वारा मा ताप्ती मंदिर मे वैदिक विधि विधान से पूजा अर्चना की। जिसके बाद सुबह 9 बजे ताप्ती सरोवर के मध्य स्थित खम्बे पर ध्वज फहराया गया। दोपहर 12 बजे मां ताप्ती मंदिर में मां ताप्ती के जन्म हुआ एवं आरती की गई जिसके बाद माताराणी को छप्पन भोग लगाए गए।वहीं 12 बजे ताप्ती सेवा मंडल द्वारा 51 साड़ियों की चुनरी अर्पित की गई।कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर संजय सोनवणे एवं पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन में व्यवस्थाओ का जायजा लिया।

शोभायात्रा में देवी देवताओं की झाकिया रही आकर्षण का केंद्र : पवित्र नगरी में जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल शोभयात्रा निकाली गई, जिसमे ग्रामो से आई भजन मंडलियों एवं दिंडी शामिल हुई था,शोभायात्रा में मां ताप्ती,महादेव पार्वती, रामदरबार, हनुमानजी सहित विभिन्न देवी देवताओं की चलित झाकिया डीजे एवं बाजे गाजे कद साथ शामिल हुई शोभायात्रा रेल्वे स्टेशन रोड से होते हुई फव्वारा चौक, नागपुर नाका, गांधी चौक, से थाना रोड होते हुए वापस ताप्ती सरोवर पहुंचकर समाप्त हुई,जिसके बाद ताप्ती सेवा मंडल के साथ सभी श्रद्धालुओ द्वारा सरोवर के सभी घाटों पर महाआरती की गई,आरती के बाद सरोवर के बीच रंगीन आतिशबाजी की गई। ताप्ती जन्मोत्सव पर नगर में हर सड़क एवं गलियों में भी भण्डारो का आयोजन किया गया। नगर में करीब डेढ़ सौ भंडारे आयोजित हुए,हजारों श्रद्धालुओं द्वारा भंडारा प्रसादी ग्रहण की।

नीट पेपर लीक के विरोध में एससी मोर्चा का प्रदर्शन

पाथाखेड़ा। सोमवार को सारनी के जयस्तंभ चौक पर एससी मोर्चा द्वारा जिला अध्यक्ष संगीता डहरिया के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की तथा बाद में उनका प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। धरने को संबोधित करते हुए संगीता डहरिया ने आरोप लगाया कि नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की तैयारी में वर्षों की मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का मनोबल टूट गया है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में केंद्र सरकार

और शिक्षा मंत्रालय की ओर से पर्याप्त जवाबदेही नहीं दिखाई गई, जिससे छात्रों और अभिभावकों में व्यापक असंतोष है। उन्होंने निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई तथा छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। कार्यक्रम में माया वर्मा, वर्षा पवार, अनीता बेलवंशी, रेखा भलावी, नथुनिया वर्मा, शोभा दत्ता, सविता मरकाम, ममता साहू, मुमताज शेख, मुन्नी बिहारे, बेबी नागले, कल्पना मांडवे, दीप्ति, संजू बाई, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नेहरू सिंह राजपूत, मो. इलियास, किशोर चौहान, सीएम बेले, विक्की सिंह, पंचू खान, सुनील भलावी, संदीप मस्की, गौतम नागले, मिलिंद थोराट, भूषण कांति, प्रकाश मालवी, कुणाल डहरिया, सोनू सोनी, विष्णु भारती, करण झरबड़े सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं महिलाएं उपस्थित रही।